प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 21.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री ने विशाखापट्नम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यक्तिगत अभ्यास ही नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे वैश्विक साझेदारी का माध्यम बनना चाहिए।

2— अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रायपुर में राज्यपाल और जशपुर में मुख्यमंत्री योगाभ्यास कार्यक्रम में हुए शामिल—विभिन्न जिलों में मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने की भागीदारी।

3— केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय प्रवास पर कल छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे—राजधानी रायपुर और नारायणपुर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

4— प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

**<u>अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस—प्रधानमंत्री</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विश्व के विभिन्न भागों में तनाव, अशांति और अस्थिरता की स्थिति है, ऐसे में योग शांति का मार्ग दिखाता है। आंध्रप्रदेश के विशाखापट्नम में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय से योग दिवस को मानवता के लिए ''योग टू प्वाइंट ओ'' की शुरूआत के रूप में मनाने का विशेष आह्वान किया, जहां आंतरिक शांति, वैश्विक नीति बने। उन्होंने कहा कि योग अब व्यक्तिगत अभ्यास न रहकर वैश्विक भागीदारी के माध्यम के रूप में उभरा है।

**योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। मैं विश्व समुदाय से आज के इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक आग्रह करूंगा। लेट दिस योगा डे मार्क द बिगनिंग ऑफ योगा फॉर ह्यूमानिटी टू प्वाइंट ओ, वेन इन पीस बिगेन ग्लोबल पॉलिसी।**

वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देहरादून में आयोजित योग शिविर में वैश्विक मंच पर योग को बढ़ावा देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय अब योग के प्रति अधिक सम्मान रखता है और महाद्वीपों के लोग इससे लाभ उठा रहे हैं।

**<u>योग दिवस—छत्तीसगढ़—01</u>**

छत्तीसगढ़ में भी आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया। इसके बाद उन्होंने सामूहिक योगाभ्यास में हिस्सा लिया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि योग आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखने का सबसे आसान उपाय है। इस अवसर पर राज्यपाल ने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज एक सौ पचहत्तर से अधिक देशों में योग की गूंज सुनाई देती हैं। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवन के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्टेडियम परिसर में सिंदूर का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा भी मौजूद थे।

**योग दिवस–छत्तीसगढ़–02**

रायपुर सहित विभिन्न जिलों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के रायपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

वहीं, केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रादेशिक कार्यालय और भारतीय योग संस्थान द्वारा रायपुर के गायत्री नगर परिसर में एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय योग संस्थान के अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया गया।

इसी तरह, नवा रायपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लास और अनुशासन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में तैनात बीएसएफ के एक हजार से अधिक कर्मियों ने एक साथ योगाभ्यास किया।

वहीं, कोंडागांव जिले में स्थित भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय में जवानों ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास किया।

इसी तरह, दुर्ग के अंजोरा स्थित राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रथम घुड़सवार रेजीमेंट में कैडेटों ने घोड़ों पर सवार होकर योगाभ्यास किया। लेफ्टिनेंट कर्नल राहुल दुबे ने बताया कि आज कैडेट्स ने घुड़सवारी कला को योग से जोड़कर अद्भुत प्रदर्शन किया।

**योग दिवस–जिला**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य के विभिन्न जिलों और संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कवर्धा में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाग लिया। वहीं, मुंगेली के योगाभ्यास कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव उपस्थित थे।

रायगढ़ के बोईरदादर स्टेडियम में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के साथ प्रशासनिक अधिकारियों और नागरिकों ने योगाभ्यास किया।

बलरामपुर में कृषि मंत्री रामविचार नेताम की मौजूदगी में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के झगराखांड में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शिरकत की।

महासमुंद जिले की ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर स्थित परिसर में जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने अपनी मां के साथ पौधारोपण किया।

**मुख्यमंत्री–जशपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जशपुर जिले के प्रवास के दौरान रणजीता स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में नालंदा परिसर सहित एक सौ आठ करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा परिसर के बन जाने से ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 'गजरथ यात्रा' को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान श्री साय ने कहा कि मानव और हाथियों के बीच बढ़ते टकराव को कम करने के लिए सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता बहुत जरूरी है। गजरथ यात्रा इस दिशा में एक सार्थक माध्यम बनेगी।
वहीं, दुलदुला में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इस विकासखंड के लिए तीन करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्री साय ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत मयूरचुंदी से दुलदुला तक बस सेवा शुरू की जाएगी।
मुख्यमंत्री ने कुनकुरी विकासखंड के गिनाबहार में करीब नौ करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले पचास बिस्तरीय मातृ शिशु अस्पताल और ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भूमिपूजन किया।

**अमित शाह–छत्तीसगढ़**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल बाईस जून से दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। श्री शाह कल रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साईंस यूनिवर्सिटी और सेन्ट्रल फॉरेंसिक साईंस लैबोरेट्री परिसर का शिलान्यास करेंगे। चालीस एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस विश्वविद्यालय में चार सौ करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। इसी के साथ श्री शाह नेशनल फॉरेंसिक साईंस यूनिवर्सिटी के अस्थायी परिसर का ई–उद्घाटन भी करेंगे।
अपने प्रवास के दौरान श्री शाह छत्तीसगढ़ और पड़ोसी राज्यों के पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के साथ सुरक्षा संबंधित मुद्दों को लेकर बैठक करेंगे। एक अन्य बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री वामपंथी उग्रवाद पर सुरक्षा की समीक्षा करेंगे। श्री शाह तेईस जून को नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ संवाद करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री इसी जिले के इरकभट्ठी बीएसएफ कैम्प का दौरा कर जवानों के साथ बातचीत भी करेंगे।
वहीं, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट तेईस और चौबीस जून को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस दौरान वे संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। साथ ही आगामी रणनीति को लेकर पार्टी के नेताओं से चर्चा भी करेंगे।

**मौसम**

**मौसम का हाल–**

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने के भी आसार हैं। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से उत्तर छत्तीसगढ रहने की संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

–बिलासपुर जिले के तखतपुर में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

–भिलाई में सीबीआई अधिकारी बनकर एक बुजुर्ग से करीब पचपन लाख रूपये का साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को मुंबई के ठाणे से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

–बिलासपुर–काचेगुड़ा के बीच तेईस जून से चार फेरों के लिए एक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>